# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 05.12.2024** **समय : 1905**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि भारत के दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के लिए कृषि महत्वपूर्ण है।**
- **अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण ने आज विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जारवा को पहली बार मतदाता कार्ड जारी किया।**
- **गर्ल्स स्कूल में कल और सात दिसम्बर को राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार चौबीस–पच्चीस–ज्ञानोदय का आयोजन किया जाएगा।**
- **कार निकोबार के कृषि विभाग की ओर से आज विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया।**
- **पुणे महाराष्ट्र में चल रहे चवालीसवें जूनियर और सातवें इंटर स्टेट चैलेंजर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण श्री विजयपुरम की महिला रोइंग टीम ने रजत पदक जीता।**

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कृषि वैज्ञानिकों से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए वर्तमान समय के अनुरूप नई योजनाएं बनाने का आह्वान किया है। आज भुवनेश्वर में ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के चालीसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को देश के लिए नई योजनाएं बनाते समय मृदा स्वास्थ्य, पर्यावरण, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के उचित उपयोग पर ध्यान देना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा है कि कृषि और किसानों की बेहतरी से ही देश दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर सकता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कृषि और किसानों को सशक्त बनाने के लिए नवीनतम ड्रोन प्रौद्योगिकी, रिमोट सेंसिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नैनो प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ दशकों में कृषि के क्षेत्र में जबरदस्त वृद्धि हासिल की है और यह अन्य देशों को खाद्यान्न और कृषि उपकरण निर्यात कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत कृषि उत्पादन को और बढ़ा सकता है क्योंकि उसके पास कृषि अनुकूल जलवायु, कुशल जनशक्ति, उपजाऊ भूमि और नवीनतम तकनीक है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण ने आज विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जारवा को पहली बार मतदाता कार्ड जारी किया। जारवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना एक ऐतिहासिक कदम है। जारवाओं को सशक्त बनाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनके गांव में नए मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सचिव के साथ दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया ने जारवा गांव का दौरा किया। इस पहल के तहत, उन्नीस जारवाओं को मतदाता सूची में सफलतापूर्वक नामांकित किया गया है, जो इन समुदायों को लोकतांत्रिक ढांचे में एकीकृत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल न केवल इन आदिवासी सदस्यों के संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करती है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य को भी दर्शाती है।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के तहसीलदार कार्यालय में हाल ही में हिट–एंड–रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। हिट–एंड–रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाने के मुद्दे को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य एक अप्रैल दो हजार बाईस से हिट–एंड–रन घटनाओं में शामिल पीड़ितों या उनके परिजनों की सहायता करना है। शिविर के दौरान कुल तीन आवेदन प्रस्तुत किए गए। यह पहल पीड़ितों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करने, समय पर सहायता और वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम के तहसीलदार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के तहत उप–निदेशक शिक्षा की ओर से कल और सात दिसम्बर को राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार चौबीस–पच्चीस–ज्ञानोदय का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष का विषय है एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी। गर्ल्स स्कूल में आयोजित होने वाले ज्ञानोदय प्रदर्शनी का उद्घाटन कल सुबह नौ बजकर पैंतालीस मिनट पर होगा। प्रदर्शनी में सभी नौ शैक्षिक अंचल के छात्र शामिल होंगे, जो विज्ञान, गणित और शिल्प पर अपने नमूने प्रदर्शित करेंगे।

<><><><><><>

कार निकोबार के कृषि विभाग की ओर से आज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सवाई में विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय है "मिट्टी की देखभालः माप, निगरानी, प्रबंधन"। इस अवसर पर कृषि अधिकारी आर. भू भारती ने विश्व मृदा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी और मृदा प्रबंधन प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने के लिए सटीक मृदा डेटा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मिट्टी की विशेषताओं, इसकी संरचना और कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। कृषि क्षेत्र सहायक अब्दुल हमीद ने मृदा जैव विविधता, इसके महत्व और इसकी संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधक वी.एम. मुबाशिरा बेगम ने बेहतर कृषि के लिए मृदा प्रबंधन और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने को कहा। स्कूल की शिक्षिका समीना बानू ने विद्यार्थियों को अपने परिवार और समुदाय में मिट्टी के स्वास्थ्य और प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और अस्सी से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

गैर सरकारी संगठन पंख ने कल ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष देखभाल वाले बच्चों के घरों का दौरा किया। संगठन की ओर से विशेष देखभाल वाले बच्चों की माताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई मशीन और कृषि से संबंधित उपकरणों का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना और वित्तीय सहायता प्रदान करना था। इस दौरे में पंख की अध्यक्षा कोमल आनन्द के साथ संगठन के अन्य सदस्य भी शामिल थे।

<><><><><><>

पुणे महाराष्ट्र में चल रहे चवालीसवें जूनियर और सातवें इंटर स्टेट चैलेंजर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण श्री विजयपुरम की महिला रोइंग टीम ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में दो हजार मीटर स्पर्धा में स्नेहा टोप्पो और पी. अलगम्मल ने यह पदक जीता। इस जीत के बाद उत्तराखंड में जनवरी दो हजार पच्चीस में होने वाली राष्ट्रीय खेलों के लिए इन दोनों खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

<><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य विशेषज्ञ के एक पद के लिए अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए होने वाली नियुक्ति के वास्ते कल ऑनलाइन साक्षात्कार लिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह दस बजे स्वास्थ्य निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है।

उधर, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय में युवा पेशेवर और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय सी डी ब्लॉक, लिटिल अंडमान तथा ननकौड़ी में डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के दो पदों पर अनुबंध के आधार पर ग्यारह महीने के लिए नियुक्ति की जाएगी। युवा पेशवर के लिए उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रतिमाह बत्तीस हजार पांच सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए उम्मीदवार की आयु पचपन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इन्हें प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि दस दिसम्बर शाम पांच बजे तक है। चयनित उम्मीदवारों की सूची सोलह दिसम्बर को विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

<><><><><><>

श्री श्री हरिचंद सेवा संघ, पहाड़गांव की ओर से वार्षिक महामिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दस दिसम्बर से बारह दिसम्बर तक पहाड़गांव स्थित शिव मंदिर में चलेगा। द्वीपसमूह के संघ के श्रद्धालुओं के लिए समिति की ओर से रहने की व्यवस्था भी की गई है।

उधर, चिन्मय मिशन में पन्द्रह से इक्कीस दिसम्बर तक वार्षिक गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें आचार्य चिन्मय मिशन कोयम्बटुर की पूज्य स्वामिनी विमलानन्दा जी का प्रवचन होगा। कार्यक्रम सुबह साढ़े छः बजे से साढ़े सात और शाम छः बजे से साढ़े सात बजे तक चलेगा।

<><><><><><>